## खबर संक्षेप

### निरीक्षण में अनुपस्थित रहे चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी

**अम्बिकापुर।** सख्त निर्देश के बाद भी पीएचसी, सीएचसी की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। इतना ही नहीं अस्पताल में मरीजों को जो दवाएं प्रदान की जा रही है उनपर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है। इस बात की पुष्टि खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निरीक्षण में हुई है। जेडी ने धरमपुर और पम्पापुर के अनुपस्थित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि 4 सितम्बर को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीएचसी पम्पापुर में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अधिकारी कर्मचारी बिना कोई आवेदन दिए ही अवकाश पर जाते है जो एक बड़ी लापरवाही है। अस्पताल में आपत्कालीन ड्यूटी रोस्टर भी चस्पा नहीं था। एनएच किनारे पीएचसी को इंगित करने वाला बोर्ड नहीं था। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, एएमओ प्रज्वल सिंह 1 दिन, एएमओ श्रीमती प्रीति जायसवाल 3 दिन, श्रीमती श्रीति ओझा लैब टेक्निशियन 2 दिवस, श्रीमती सत्यभामा शर्मा एक दिवस अनुपस्थित तथा एएनएम प्रमिला सिंह 3 दिन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही पीएचसी धरमपुर में संस्थागत प्रसव की मासिक उपलब्धि लक्ष्य के विरूद्ध कम पाई गई। लैब जांच कक्ष अव्यवस्थित पाया गया व इसमें साफ-सफाई का अभाव पाया गया, आईपीडी वार्ड में दवाइयों का एम्पुल टूटे-फूटे हालात में दवाई स्टैंड में पाया गया जो वहां पदस्थ स्टाफ परिधारिकों के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। इस हेतु मंगली भगत व सुषमा कच्छप स्टाफ नर्सों को कारण बताओं नोटिस जारी करने निर्देश जारी किया गया है। श्रीमती शबाना खातून एएनएम द्वारा अग्रिम उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने तथा दिलबरन राम द्वारा अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई। जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब माँगा है। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि सीएमएचओ कमियों को दुरुस्त कराएं। भविष्य में पुनः लापरवाही मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार क्लीनर की मौत, बीच सड़क पर पड़ा रहा शव

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार क्लीनर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक का पहिया घटनास्थल से 200 मीटर दूर जा गिरा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह गुरूवार की शाम सूरजपुर से भवानी बस यात्रियों को लेकर उदयपुर पहुंची थी। यात्रियों के उतर जाने पर चालक जनपद कार्यालय परिसर में बस को खड़ी कर भोजन बनाने की तैयारियों में जुट गया जबकि ग्राम लैंगा निवासी क्लीनर जयपाल आ.स्व.गेंदाराम किसी काम से बाइक से पुलिस थाना की ओर चला गया। इस दौरान रात्रि लगभग 8.30 बजे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बाइक से गिर गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई वहीं बाइक का पहिया 200 मीटर दूर जा गिरा। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले किसी भी यात्री ने उस पर ध्यान नहीं दिया तथा क्लीनर का शव बीच सड़क पर पड़ा रहा। इस बीच कोरबा की ओर से आ रहे युवा मित्र मंडली के सदस्य जितेंद्र शर्मा ने सड़क पर क्लीनर का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ मण्डली के सदस्यों ने बारिश के बीच युवक के कफन की व्यवस्था की तथा शव को 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा शव को मरच्यूरी में रखवाया।

## पृष्ठ 3 का शेष

### कमर्शियल...

आबंटित की गई है। सात ब्लॉकों की इस नीलामी में अधिकांश खदानें कोरबा (छत्तीसगढ़) और झारखंड जैसे कोयला समृद्ध राज्यों में स्थित हैं। 6 में केवल 2 कोल ब्लॉक रजगामार डिपसाइड देवनारा और रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह के लिए 14 बोलियां मिलीं हैं। 8 कंपनियों ने बोलियां जमा की थी। दोनों भूमिगत कोल ब्लॉक जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। बावजूद इसके अब तक नीलाम किए गए जिले के दोनों नए कोल ब्लॉकों में अब तक कोई डेवलपमेंट देखने को नहीं मिला है।

### नहाने गए...

पहुंचे और तीनों बच्चों के तालाब में डूबने की सूचना अपने परिजनों को दी। जैसे ही यह खबर पुलिस लाइन में फैली वहां अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आनन फानन में पुलिस कर्मी बड़ी संख्या में तालाब के समीप पहुंचे और तीनों बच्चों के शव को तालाब से बाहर निकाला। इस घटना से पुलिस परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### अभाविप परिषद...

ज्योति कुमारी, नंद कुमार, कविता, संध्या, आदित्या विश्वनाथ, मनीषा नेटी, संतोषी मरावी, राधिका श्याम, प्रतिमा डिक्सेना, संदीप चौहान, विश्वनाथ, संध्या टेकाम, ज्योति कुमारी, नंद कुमार, कविता उइके शामिल हैं।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले में छात्रों ने किया गुरुजनों का सम्मान

# शिक्षण संस्थानों में मनाया गया शिक्षक दिवस



कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति की जयंती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन का स्मरण शिक्षक दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर डॉ.राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि डॉ.राधाकृष्णन ने अकादमिक शिक्षा ग्रहण करने के साथ सामाजिक जीवन के कई वर्ष एक शिक्षक के तौर पर बिताये और असंख्य छात्रों को विद्या दान दिया। उन्होंने इस दौरान आदर्श शिक्षक के रूप में उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अलावा डॉ.राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति के पद पर कार्य करते हुए देश को बेहतर नेतृत्व प्रदान किया। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने डॉ.राधाकृष्णन के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली के योगदान को सरकार ने पूरी गंभीरता से लेते हुए उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना स्वीकार किया, यह परंपरा अब भी भारतवर्ष में जारी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि हमारे देश में शिक्षकों का दर्जा सबसे ऊंचा है। गुरु-शिष्य की महान परंपरा का दर्शन कराने का माध्यम शिक्षक दिवस बना हुआ है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि गुरूकुल की परंपरा आज विद्यालयों के तौर पर बनी हुई है। गुरूजनों का महत्व यथावत बने हुए हैं। व्यक्ति की सफलता की पीछे सबसे बड़ी भूमिका गुरूजनों की होती है जो उन्हें विभिन्न तरीकों से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायता करते हैं इसलिए गुरू के ऋण से कभी भी मुक्त नहीं हुआ जा सकता। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.राधाकृष्णन, गौतम बुद्ध की तरह हृदय में अपार करुणा रखते थे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, डॉ.रामगोपाल यादव, मनक राम साहू, शशि अग्रवाल, सुनीता तिग्गा, संतोष यादव, रवि खुंटे, गणेश दास महंत, जवाहर निर्मलकर, अजीत बर्मन, अनिल सिंह, विक्रम दास, गोपाल यादव, सुशील नेताम आदि ने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला।

**खास बात**

- जिले के अलग अलग स्कूलों में मनाया गया शिक्षक दिवस

### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी बाजार में शिक्षक दिवस के अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि महापौर संजूदेवी राजपूत, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन शर्मा उपाध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर, जोगेश लांबा व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर, चंद्रकिशोर श्रीवास्तव वनांचल शिक्षा प्रांतीय अध्यक्ष मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी, समस्त शिक्षक साथ ही समिति के सदस्यों में से शंकर लाल टमकोरिया, विकाश जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, सुबोध पांडे, योगेश गोयल, विवेक महतो, वैभव चौरसिया, कमलेश यादव, राम सिंह अग्रवाल, श्री बगड़िया शामिल रहे।

### आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल सांइस में मना शिक्षक दिवस



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस में शुक्रवार को छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वपल्ली राधाकृष्ण को याद किया गया और साथ ही शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संजीव कुमार सिंह, चंद्रकांत पटेल, मीना दास, रूबी अधिकारी, डॉ एस आर सोनी और सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल जमनीपाली में मनाया गया शिक्षक दिवस



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जमनीपाली में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कक्षा 10वीं की छात्रा परिणीता वैष्णव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के लिए रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को कलम और पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार सेल्फी कॉर्नर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां शिक्षक विभिन्न फ्रेम और फोटो प्रॉप्स के साथ चित्र खिंचवाते देखे गए। पूरे आयोजन का संचालन छात्राएँ करुणा जायसवाल और आयुषी सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अदिति पांडेय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में आनंद और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। प्राचार्य श्री साहू ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षक-छात्र संबंध और प्रगाढ़ होते हैं।

### शिक्षक ही बदलते हैं जीवन

हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के महान दार्शनिक पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है। लेकिन आज जब हम 21वीं सदी के डिजिटल और प्रतिस्पर्धी युग में रह रहे हैं, तो शिक्षक दिवस का महत्व और बढ़ जाता है। आज का समय पहले जैसा नहीं पहले केवल कक्षा और किताबें तक सीमित रहते थे। सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी डी.लाल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन, क्लास स्मार्ट व बोर्ड, डिजिटल लर्निंग, मोबाइल एप, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी आदि अहम हिस्सा बन गया है। आजकल विद्यार्थी नवाचार, ग्लोबल, रिसर्च पर ज्यादा फोकस ज्ञान पाने के तरीके को सरल कर देता है। शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षक समाज की आत्मा है और उनके बिना ज्ञान और प्रगति की कल्पना भी अधूरी है। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते अपितु अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण करने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। छिपी प्रतिभा को तराश कर विकसित करने का नाम है शिक्षक है। समय चाहे कितना भी बदल जाए एक अच्छे शिक्षक की भूमिका कभी कम नहीं हो सकती।

### न्यू एरा में मना शिक्षक दिवस



न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल परिवार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर जश्न रिजॉर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप साहू, प्राचार्य डी. एस. राव, उप-प्राचार्या श्रीमती कीर्ति हरित और हेडमास्टर जगजीत सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें एनईपीएस किंग मोइनुद्दीन अली और एनईपीएस क्यून श्रीमती शलिनी नायर का चयन किया गया। चेयरमैन किशोर कुमार साहू ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### ब्रह्माकुमारी में मना शिक्षक दिवस

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व सद्भावना भवन में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मूल्य निष्ठ समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय माध्यमिक विद्यालय तरदा के प्राचार्य बीआर बाघमारे, प्राचार्य राधारमण श्रीवास, प्राचार्य माधुरी अग्रवाल, प्राचार्य रूबी मुखर्जी, शासकीय महाविद्यालय बाकिमोगरा के सहायक प्रोफेसर विजय लहरे, साथ ही बी.के. रुकमणी, बी.के बिंदु समेत के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, प्रोफेसर एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# जुलूस और जलसे के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व



शहर में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस्लाम धर्मावलंबियों के लिए सोमवार का दिन खास रहा। हर उम्र के लोग ईद मिलादुन्नबी पर्व को जश्न के रूप में मनाया। नगर में टीपी नगर से जामा मस्जिद, रानी रोड पुरानी बस्ती होते हुए दुरपा रोड के ईदगाह तक जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल हर कोई हाथों में ध्वज लिए हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश को याद किया। शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ईदगाह पहुंचकर लोगों ने ईद की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की। इसके बाद एक-दूसरे के गले लगकर खुशियां बांटते रहे।

मदीना मस्जिद, एनटीपीसी में सुबह कुरान ख्वानी की गई। मस्जिद के इमाम मोहम्मद सत्रवर ने परचम कुशाई की रस्म अदा की। फातिहा के बाद उपस्थित लोगों को सिरनी बांटी गई। मस्जिद परिसर के हॉल में महिलाओं के लिए बैठक व्यवस्था की गई थी। इस दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के संदेशों को याद किया गया और सामूहिक रूप से अमन-चैन और तरक्की की दुआ की गई। इमाम मोहम्मद सन्नवर के नेतृत्व में नात बुलंद करते हुए संक्षिप्त रूप से जुलूस निकाला। दरी मस्जिद से निकला विशाल जुलूस भी मदीना मस्जिद, एनटीपीसी पहुंचा। यहां पर मदीना मस्जिद, एनटीपीसी के अध्यक्ष नवाब खान अंसारी के नेतृत्व में सचिव मंसूर अहमद, मो. मकसूद, मोहम्मद अली सहित उपस्थितजनों ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए नास्ते का प्रबंध किया था। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर मस्जिद में मिलाद शरीफ का आयोजन किया था। इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म मक्का में इसी दिन हुआ था। शहर में प्रभात फेरी निकाली, जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।

### बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**कोरबा।** बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की विशेष सभा काली मंदिर सभागृह में संपन्न हुई। इस अवसर पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुखेंदु घोष ने अध्यक्षता करते हुए पिछले वर्ष संपन्न दुर्गा पूजा आयोजन के लिए सभी सदस्यों को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी उसी जोश और लगन के साथ सभी सदस्य मिलकर आयोजन को सफल बनाएं। इस दौरान बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें कार्यकारी समिति मुख्य संरक्षक राजेश कुमार, सीईओ एवं डब्ल्यूटीडी, बालको संरक्षक आरके सिंह, अनिल कुमार दुबे, मंतोष सिन्हा, आनंद सोनी, सुनील कुमार सिंह, कैप्टन धनंजय मिश्रा, प्रज्ञा पांडे, मनोज ओझा, संजय कुमार, सौम्या बनर्जी, सुबेन भट्टाचार्य, अभिनव कांत सिंह टीआई बालको, एके पॉल, मुख्य सलाहकार संजीब चक्रवर्ती, अध्यक्ष जीवन कुमार मुखर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष सुखेंदु घोष, उपाध्यक्ष डा संजय राय, जयंत सरकार, दीपांकर बसु, शुभोदीप बनर्जी, सलाहकार सीसी मुखर्जी, अरुण चौधरी, परितोष सरकार, सहायक सचिव गौरव घोष, अरित्र चटर्जी, सलाहकार पीके दास, स्टोर प्रभारी यूएस नंदी बनाए गए हैं।

# महाराज अग्रसेन जयंती के पूर्व विभिन्न रूपों में बच्चों ने किया डांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराज अग्रसेन जयंती के पूर्व विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया गया। शुक्रवार को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अग्र सुपर किडस डांसर्स वर्ग अ में कक्षा 1 से कक्षा 4 तक बालक व बालिकाओं के लिए जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वर्ग ब में कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 28 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया 7 सितम्बर को रंग भरो प्रतियोगिता वर्ग अ में कक्षा 2 तक बच्चों के लिए वर्ग ब में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए सुबह 10 बजे 3 चक्का सायकल रेस प्रतियोगिता 4 वर्ष तक के बालक बालिका के लिए सुबह 10 बजे, चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 तक बच्चों के लिए सुबह 10.30 बजे, दी आर्ट ऑफ स्टोन कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के बालक एवं बालिकाओं सुबह 11 बजे बैलून इन द हेड प्रतियोगिता सभी के लिए सुबह 11.30 बजे एक शाम अग्रसेन के नाम (फैन्सी ड्रेस )वर्ग अ में केजी 2 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ग ब में कक्षा 4 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए शाम 4 बजे श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अयोजित होगी।



अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित हुई फैंसी ड्रेस स्पर्धा।

## एसईसीएल के अयप्पा मंदिर में हुई पूजा

# मलियाली समाज ने आस्थापूर्वक मनाया ओणम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नई फसल आने की खुशी मलियाली समाज ने नगर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में आस्था और परंपरा के साथ ओणम पर्व मनाया। उन्होंने इस मौके पर मान्यताओं को मजबूती दी। समाज के द्वारा सामूहिक आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा।

ओणम पर मलियाली परिवारों के घरों और प्रतिष्ठानों में फूलों की आकर्षक रंगोली डाली गई। इसके साथ इस बात का विश्वास जताया गया कि राज बली अतीत के वरदान के अंतर्गत इस अवसर पर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए किसी न किसी रूप में जरूर पहुंचते हैं। ओणम पर टीपी नगर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजन किया गया। यह पर्व दक्षिण भारत की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता, और परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर फूलों की रंगोली बनाई गई और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उत्सव में ई.एस. संजीवन, उन्नीकृष्णन विनोद वैशाख, राजेश निगल, अरुन विष्णु जरीन और इंडियन कॉफी हाउस के समस्त स्टाफ ने भाग लिया। ओणम पर्व के अवसर पर लोगों ने नए कपड़े पहने, विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए, और परंपरागत नृत्य और संगीत का आनंद लिया।



# नियमित अभ्यास से कठिन विषयों को बना देती है सरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अंतिम छोर के गांव श्यांग के हायर सेकेण्डरी विद्यालय में लंबे समय से नियमित प्राचार्य नहीं था। गणित विषय में व्याख्याता से पदोन्नति के पश्चात आज यहां नियमित प्राचार्य के रूप में श्री बी एल पटेल ने प्राचार्य पद पर अपनी कमान सम्हाली। विद्यालय में प्राचार्य पद पर अपनी जिम्मेदारी सम्हालते ही उन्होंने विद्यालीयन स्टॉफ की बैठक लेकर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और गणित, विज्ञान, अंगेजी जैसे विषयों के प्रति विद्यार्थियों में रूझान लाने और परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने की दिशा में कार्य करने की योजना बनाई। कक्षाओं में विद्यार्थियों को अध्यापन का महत्व बताते हुए प्राचार्य श्री पटेल ने अनुशासन को विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास कठिन विषयों को सरल बना देती है। विद्यालय में सभी को अनुशासन से रहना चाहिए। उन्होंने पढ़ाई में रूचि रखने वाले उत्कृष्ट अनुशासित विद्यार्थी को हर साल सम्मान के साथ नगद एक हजार की राशि देने की घोषणा भी की। दूरस्थ ग्राम श्यांग के हायर सेकेण्डरी विद्यालय में गणित के व्याख्याता श्री बी एल पटेल के प्राचार्य के रूप ज्वॉइनिंग किया गया है। श्यांग के हायर सेकेण्डरी विद्यालय में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक कुल 189 विद्यार्थी है। यहां वाणिज्य, कला, विज्ञान, गणित संकाय संचालित है। कुल 11 शिक्षक है। इस दौरान व्याख्याता योगेश सिंह, विनीता खेस, लेखा राठिया, तिलक सिंह राठिया, जयराम बघेल, श्री खांडेकर आदि उपस्थित थे।

**खास बात**

- वनांचल गांव में शिक्षकों की हुई पदस्थापना




बिलासपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025




# कमर्शियल माइनिंग के तहत 13वें राउंड में 14 कोयला खदानों की होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय ने नीलामी के लिए 14 नए कोल ब्लॉक्स की सूची जारी कर दी है। कमर्शियल यूज के लिए कोल ब्लॉकों की नीलामी का 13 वां दौर शुरू हो गया है। इसमें कुल 14 कोल ब्लॉक रखे गए हैं। रायगढ़ जिले से नवागांव ईस्ट और नवागांव वेस्ट कोल ब्लॉकों को नीलाम किया जा रहा है। 24-29 नवंबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन होगा। हालांकि पूर्व में नीलाम कोल ब्लॉकों का अब तक कोई डेवलपमेंट देखने को नहीं मिला है। एक माह पूर्व ही 12वें दौर के अंतर्गत राज्य के तीन कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई थी। इन कोल ब्लॉकों में जिले के रजगामार के दो कोल ब्लॉक भी शामिल हैं।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देश में कोयले की जरूरत को पूरा करने के लिए केप्टिव के अलावा कमर्शियल यूज के लिए खुली नीलामी का विकल्प दिया है। अब तक 12 राउंड में नीलामी हो चुकी है। दो अलग-अलग अधिनियमों के तहत कोयला खदानों की नीलामी की जा रही है। कोल माइंस स्पेशल प्रोविजन्स एक्ट (सीएमएसपी) और माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन्स एक्ट (एमएमडीआर) के तहत अलग-अलग नीलामी हो रही है। कमर्शियल माइनिंग सेक्टर में निजी क्षेत्र को एंट्री दी गई है ताकि कोल इंडिया से दबाव कम हो। कोल मिनिस्ट्री ने सीएमएसपी एक्ट के तहत 23 वें दौर में 4 ब्लॉक्स और एमएमडीआर एक्ट के तहत 13 वें दौर की नीलामी के लिए 10 ब्लॉक्स की सूची जारी की है। कुल 14 कोल ब्लॉक सूची में रखे गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ से चार, झारखंड से तीन, ओडिशा से दो, मध्यप्रदेश से चार, आंध्रप्रदेश से एक कोल ब्लॉकों को रखा गया है। कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के 12वें दौर के अंतर्गत राज्य के तीन कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक को टीएमसी (मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड) व रजगामार डिपसाइड साउथ आफ फुलकडीह मिवान स्टील लिमिटेड को ⏭ शेष पेज 2 पर

## पूर्व में नीलाम जिले के दो नए कोल ब्लॉक का अब तक कोई डेवलपमेंट नहीं



### लेमरू एलीफेंट रिजर्व है नजदीक

इस बार सूची में शामिल दोनों खदानें धरमजयगढ़ क्षेत्र की हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्र में आ रहे इन दोनों खदानों के भविष्य को लेकर संदेह है। लेमरू एलीफेंट रिजर्व से सिर्फ 9 किमी की दूरी पर दोनों माइंस डेवलप होंगी। अभी भी इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही है। इसे लेकर हंगामा मचना तय है। रेल लाइन भी इस कोल ब्लॉक से लगी हुई है।

## खबर संक्षेप

### संगीतमय जागरण कीर्तन का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ब्राह्मण मोहल्ला उमरेली पर विराजे विघ्नहर्ता गणेश के पंडाल पर संगीतमय जागरण कीर्तन बीती रात संपन्न हुआ। जिसमें संगीत की टोली पास के ही क्षेत्र सराईपाली से पधारें हुए थे जिसमें ग्राम मोहल्ले के भक्ति संख्या में जागरण कीर्तन पर झूमते गाते नजर आए। समिति के सदस्यों ने बताया कि इसी प्रकार हर वर्ष कीर्तन भजन जागरण कर मोहल्ले वासियों द्वारा गणेश के इस पावन अवसर पर उन्हें अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों के साथ भक्ति में रूप से भव्य पूजन अर्चना करते हुए समय-समय पर संगीतमय माहौल के बीच भक्ति करते हुए गणेश जी की अर्चना की जाती है। गांव के रामायण मंडलियों को न्योता देख सहित आसपास के विशेष संगीतकारों को विशेष रूप से बुलाकर मोहल्लेवासियों के सहयोग से जागरण कीर्तन की व्यवस्था की जाती है जिसमें सभी ब्राह्मण मोहल्ला सहित क्षेत्र वासियों द्वारा भक्ति संगीत में शराबोर और होते हुए एक दांत विघ्नहर्ता गौरी नंदन गणेश जी महाराज की भक्ति की जाती है जिसमें मोहल्ले के छोटे-बड़े लोगों का सहयोग भी लिया जाता है।

### पीजी कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में सोमवार को अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, समिति के सभी सदस्य तथा कॉलेज प्राचार्य की उपस्थिति में भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर में नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को कक्ष संबंधी असुविधा से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ आगे होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके।भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, डॉ. एसके गोभिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप शुक्ला, केएस कंवर, डॉ. आरबी शर्मा, केआर. टंडन, सांसद प्रतिनिधि रवि सोनी, पार्षद राकेश वर्मा, समिति सदस्य विवेक रजवाड़े, राम यादव, युराज चंद्रा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षक कल्याण संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** छग राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महा मंत्री मुकुन्द केशव उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे दो सूत्रीय बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। पुरस्कृत संघ के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने माननीय मंत्री जो को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जावे। पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न (पारी बाहर) पदोन्नति दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी भी प्रकार की छत्तीसगढ़ शासन को वित्तीय भार नही आएगा। प्रदेश महामंत्री मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के कारण महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को पूरा करने की अपील किया गया है।

## पुलिस लाइन के समीप स्थित ग्राम रिस्दी के तालाब में देर शाम हुआ हादसा

# नहाने गए पुलिस कर्मियों के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत



अस्पताल में बच्चों के शव का परीक्षण करते चिकित्सक।



रोत बिलखते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस लाइन के समीप स्थित रिस्दी गांव के एक तालाब में देर शाम को जिला पुलिस बल के पुलिस कर्मियों के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस कर्मियों के कुल 5 बच्चे खेलते खेलते तालाब के समीप पहुंचे थे और तालाब में नहाने लगे। इसी दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में जहां शोक की लहर व्याप्त है वहीं पुलिस लाइन में अफरा तफरी की स्थिति बनी हुई है।

**खास बात**

- खेलते खेलते पुलिस कर्मियों के 5 बच्चे गए थे तालाब में नहाने

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस बल में पदस्थ कुछ पुलिस कर्मियों के 5 बच्चे शुक्रवार की शाम खेलने जाने के नाम से घर से निकले थे। खेलते खेलते पांचों बच्चे पुलिस लाइन के समीप स्थित ग्राम रिस्दी के एक तालाब में पहुंचे और वहां नहाने लगे। इसी दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन में निवासरत पुलिस कर्मी राजेश्वर सिंह ठाकुर का पुत्र युवराज ठाकुर (9 वर्ष), अयोध्या प्रसाद जगत का पुत्र प्रिंस जगत (12 वर्ष) जोलजस लकड़ा का पुत्र आकाश लकड़ा (12 वर्ष) तालाब में डूबने लगे। जब तक उन्हें कोई मदद मिलती तीनों बच्चे तालाब में डूब चुके थे। पास में उनके साथ खेलने गए दो बच्चे वहां से भाग कर सीधे अपने घर ⏭ शेष पेज 2 पर

### एसपी ने की पीड़ित परिजनों से मुलाकात, बंधाया ढाढस



पुलिस कर्मियों के तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने की खबर मिलने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। एक साथ तीन बच्चों की मौत के बाद बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्य व जिले के थाना चौकी प्रभारी, मेडिकल अस्पताल पहुंचे हुए थे जहां चारों तरफ गमगीन माहौल छाया हुआ था।

# स्टार रेटिंग अवार्ड में एसईसीएल की दो खदानों को मिला पुरस्कार



पुरस्कार के साथ एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुंबई में आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड समारोह में गुरूवार को एसईसीएल की दो खदानों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी तथा कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। भूमिगत श्रेणी में एसईसीएल की बंगवार यूजी माईन को तृतीय पुरस्कार तथा खैरहा यूजी माईन को 5 स्टार अचीवर से सम्मानित किया गया। दोनों खदानें सोहागपुर क्षेत्र में स्थित हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2023-24 की रेटिंग के आधार पर प्रदान किए गए। इस अवसर पर कोयला सचिव विक्रम देव दत्त एवं अपर सचिव श्रीमती रूपिंदर बरार उपस्थित रहे। एसईसीएल की ओर से अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, संजय सिंह, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, बंगवार, अमलाई एवं दामिनी एवं बी हरी बाबू, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक खैरहा एवं राजेन्द्रा ने पुरस्कार ग्रहण किए। कोयला मंत्रालय द्वारा प्रौद्योगिकी की मदद से हरित, सुरक्षित और टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कोयला खदानों की स्टार रेटिंग की शुरुआत की गई है। कोयला नियंत्रक संगठन, कोयला मंत्रालय खनन कार्यों से जुड़े विभिन्न नियमों और विनियमों के पालन, मुख्य रूप से सुरक्षा, पर्यावरण, परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, श्रमिकों के कल्याण आदि से संबंधित बिन्दुओं पर खदानों के प्रदर्शन के आधार पर देश भर की कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को रेटिंग प्रदान करता है।

# अभावि परिषद इकाई पाली की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पाली कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें परिषद वक्ता जिला विस्तारक प्रदीप साहू, अध्यक्ष डॉ हर्ष पांडे, नगर मंत्री विकास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष चित्रभवन सिंह, नगर सह मंत्री सुश्री जमुना चौहान, सुश्री रानी मरकाम, आयुष जायसवाल, प्रवीण साहू, नगर कार्यालय मंत्री हिमेश राज, कैलाश कुमार, नगर कोषाध्यक्ष आनंद सोनी, अभय डिक्सेना, नगर एसएफडी प्रमुख जोगेश्वरी, आराधना कंवर, नगर आरकेएम प्रमुख हेमा डिक्सेना, साधना कंवर, नगर आरएकेएम प्रमुख नेहा गढ़ेवाल, नगर खेलो भारत प्रमुख सलोनी डिक्सेना, अमित नगर जिज्ञासा प्रमुख पूजा रात्रे, नगर तकनीकी प्रमुख तुषार डिक्सेना, नगर सोशल मीडिया प्रमुख विष्णु सारोठिया, समीर, नगर स्टूडोमैट्रिक प्रमुख समीर बघेल, यश जायसवाल, नगर एनएसएस प्रमुख अलीशा, आदित्य विनायक, मोनिका कुलेश्वर, नगर एनसीसी प्रमुख दुर्गा मरावी, वर्षा यादव, नगर महाविद्यालय प्रमुख सरयू विश्वकर्मा, कृष्णा आर्मो, नगर विद्यालय प्रमुख राकेश मरावी अदिति विनायक, नगर कार्यकारिणी सदस्य खुशबू साहू, सोम सोनी, समरत लाल, किरण, दीपांशु डिक्सेना, ⏭ शेष पेज 2 पर

# सरकारी जमीन को राजस्व रिकार्ड में बनाया निजी, पटवारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी जमीनों की जमकर बंदरबांट राजस्वकर्मियों की मिली

**खास बात**

- दो माह में 4 पटवारियों पर की गई कार्यवाही

भगत से हो रही है। जमीन के नक्शा, खसरा, रकबा और कई बार स्वरूप में तब्दीली करते हुए सरकारी जमीन को राजस्व रिकार्ड में निजी बताये जाने के मामले में पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के पटवारी को जांच के बाद कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। बीते दो माह में चार पटवारी अब तक गड़बड़ियों के मामले में निलंबित किए जा चुके हैं।

जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के पटवारी हल्का लाद में पदस्थ पटवारी जितेंद्र कुमार भावे के द्वारा सरकारी जमीनों का निजी नामांतरण करते हुए पट्टा जारी किया गया। यह मामला संज्ञान में आने के बाद सरकारी जमीनों को वापस शासन के खाते में मर्ज करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई तो रिकॉर्ड के अवलोकन के दौरान ज्ञात हुआ कि दो सरकारी जमीन बैंक में बंधक हैं। इन दोनों जमीनों के एवज में पट्टाधारक द्वारा केसीसी लोन ले लिया गया है। जांच आगे बढ़ी तो सारा मामला उजागर हुआ। बताया गया कि दोनों व्यक्ति दूसरे जिले से आकर यहां जालसाजी कर सरकारी जमीन हथिया लिये। नायब तहसीलदार की जांच को आगे बढ़ाते हुए एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने जांच प्रतिवेदन कलेक्टर अजीत वसंत के समक्ष प्रस्तुत किया और कलेक्टर ने जमीन अफरा-तफरी के गंभीर मामले में पटवारी को सस्पेंड कर दिया है। मामला अभी जांच में है।

### ये है मामला

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोडी उपरोड़ा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पटवारी जितेन्द्र कुमार भावे प.ह.नं.-20 लाद तहसील- पोड़ीउपरोड़ा (वर्तमान पदस्थापना तहसील कार्यालय अजगरबहार) के द्वारा अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई। इसके फलस्वरुप छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) नियम-3 (क) (ख) (ग) का उल्लंघन होना पाया गया है। छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्कालीन पटवारी जितेन्द्र कुमार भावे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## हायर सेकेंडरी कक्षाओं में शुरु हुआ है कोर्स, शासन की ओर से प्रशिक्षकों की हुई है नियुक्ति

# व्यावसायिक कोर्स शहर के स्कूलों तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

राज्य सरकार द्वारा छात्रों को स्कूल से ही स्वरोजगार से जोड़ने वाले कोर्स का संचालन शहर के स्कूलों तक सीमित ही रह गया है। ग्रामीण अंचल के बड़े स्कूलों में छात्रों में रुचि नहीं दिख रही है या फिर प्रशिक्षक ही नहीं मिल रहे हैं। स्कूल के प्राचार्य भी कोर्स के संचालन को लेकर गंभीर नजर नहीं आते हैं। जबकि स्वरोजगार से जोड़ने वाले 7 प्रकार के कोर्स का संचालन कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लिए शुरु किया गया है। हालांकि यह वैकल्पिक विषय के रुप में उपलब्ध है।

शिक्षा के बदलते दौर में अब स्कूल से ही स्वरोजगार की शिक्षा देने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रिटेल, कम्प्युटर, उद्यानिकी, कारपेंटर, ऑटो मोबाइल, मोबाइल रिपेयर, ब्यूटी एंड हेल्थ जैसे 7 प्रकार के व्यवसायिक कोर्स स्कूल शिक्षा विभाग आज से 6 साल पहले शुरु किये थे। इसके लिए कई ट्रेनिंग कंपनियों को कार्य सौंपा गया था, जिनके द्वारा 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानेदय के दर से प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है जिनके द्वारा अपने अपने स्कूलों में छात्रों को उनके रुचि के अनुसार व्यवसायिक कोर्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। राज्य सरकार की इस योजना को लेकर शुरुआत में इसके बेहतर परिणाम सामने आये। ट्रेनर भी कंपनियों के द्वारा नियुक्त किये गये। वहीं छात्रों ने इन विषयों में रुचि दिखाई। बीते दो वर्ष से ऐसे कोर्स का संचालन साडा कन्या जैसे हायर सेकेंडरी स्कूल में ही नजर आते हैं। जबकि उपनगरीय क्षेत्रों के स्कूलों में भी ऐसे कोर्सों का संचालन स्कूलों में किया गया है। किंतु वहां छात्रों में इन कोर्स के प्रति जागरुकता नहीं लायी गई। परिणाम स्वरुप वैकल्पिक रुप में चयन करने वाले छात्रों की संख्या नाम मात्र रह गई है।

### प्रशिक्षक छोड़ रहें काम

व्यवसायिक कोर्स की ट्रेनिंग देने वाले निजी कंपनी द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक वेतन नहीं बढ़ने के कारण काम छोड़ रहे हैं। जब से उनकी नियुक्ति हुई है, तब से उन्हें 20 हजार रुपए ही मात्र मानदेय दिया जाता है। बीते 6 साल से इतने मानदेय में ही काम करने वाले प्रशिक्षकों ने कई बार अपनी मानदेय बढ़ाने के लिए नियोक्ता कंपनी के सामने अपनी मांग रखी किंतु कंपनी के द्वारा उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया परिणाम स्वरुप अधिकांश स्कूलों के प्रशिक्षकों ने काम छोड़ दिया। इस वजह से भी व्यवसायिक कोर्स का संचालन भी स्कूलों में नहीं हो पा रहा है।

### मांगे गए थे प्रस्ताव

व्यवसायिक कोर्स का पाठ्यक्रम जब स्कूलों में शुरु किया गया उस समय स्कूल के प्राचार्यों से प्रस्ताव मांगे गये थे। जिसमें प्राचार्यों से उनके स्कूलों में कौन से व्यवसायिक कोर्स का संचालन किया जाना है इस संबंध में जानकारी ली गई थी। प्राचार्यों के द्वारा प्रस्ताव में दिये गये कोर्स का संचालन ही उनके स्कूलों में किया गया। इस बीच कई प्राचार्य या तो स्थानांतरण हो गये या फिर सेवानिवृत्त हो गये। उसके बाद से व्यवसायिक कोर्स के चयन को लेकर छात्रों में रुझान नहीं दिखने से ब्लॉक मुख्यालय तक के स्कूलों में व्यवसायिक कोर्स केवल रिकार्ड में सामने आ रहे हैं। जबकि उनकी कक्षाएं नहीं लग रही है क्योंकि छात्रों ने प्रवेश ही नहीं लिया और न ही स्कूलों में प्रशिक्षकों की नियुक्ति हुई।


## PUBLIC NOTICE

The public at large is hereby informed that Franchise Agreement dated 08th May 2025 **("Franchise Agreement")** executed between **Aakash Educational Services Limited ("Company")** and **Kalkhem Ventures & Co. ("Franchisee")** for operating an Aakash franchise centre at **Korba, Chhattisgarh,** stands terminated with effect from 03rd September 2025, due to violation of mandatory terms & conditions of the Franchise Agreement by the Franchisee. Accordingly, the Franchisee is no longer authorized, directly or indirectly to admit any new students under the name and style of Aakash / Aakash Institute / Aakash IIT-JEE / Aakash Foundation.

The public at large, including all currently enrolled students and their parents, are specifically notified that the said Franchisee cannot operate/ run or represent itself as an authorized coaching centre of – Aakash / Aakash Institute / Aakash IIT-JEE/ Aakash Foundation at **Property Bearing No. MIG 02/07, S.E.C.L Road, Mudapar Road, Ghantaghar Chowk, Niharika Road, Korba, Chhattisgarh-495677, w.e.f. 03rd September 2025.**

Further, the Franchisee – i.e. **Kalkhem Ventures & Co.** or its Proprietor Mr. Khem Lal Soni is not entitled to accept any admission or collect fee payments from students on behalf of the Company. However, if anybody who takes admission and / or makes payment of fee to the said Franchisee and /or its Proprietor, they shall do so at their own cost and risk, and the company shall not be held liable in any manner whatsoever.

Be assured that the academic continuity of students already enrolled upto 03rd September 2025 remains our highest priority.

Please note that Aakash Educational Services Limited presently does not have any franchise and / or owned centre within the territory of Korba, Chhattisgarh. Anybody interested can **contact 9289828063 or at 9220323791.**

For any support, please write to us at **frupdate.z1@aesl.in,** or **call us at 9289828063 / 9220323791.**

**Date: 05-09-2025**
**Place: New Delhi**

**Sd/-**
**Manish Singhal**
**Advocate**

## खबर संक्षेप



### स्कूली विद्यार्थियों ने मातृछाया के बच्चों को दिया 25 हजार रुपए

**कोरबा।** सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने लगभग 150 गणेश जी की मूर्तियां तैयार किये थे। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने इन मूर्तियों को ससम्मान खरीदकर अपने घरों में स्थापित किया। इन मूर्तियों से प्राप्त 25 हजार को विद्यालय परिवार द्वारा सेवाभारती द्वारा संचालित मातृछाया प्रकल्प के बच्चों को प्रदान किया गया। यह पुनीत कार्य न केवल कला और भक्ति का प्रतीक है, बल्कि समाज सेवा और संस्कार का भी अनुपम उदाहरण है। इस सराहनीय पहल के लिए सेवा भारती, कोरबा परिवार ने सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार जताया।

### बेलाकछार बालको में किया गया विसर्जन



**बालको।** ग्राम बेलाकछार बालको नगर में गणेश जी का विसर्जन किया गया और साथ है गणपति बप्पा मोरिया अगले बरसतू जल्दी आना जयकारा लगाते रहे। पंडित महात्मा तिवारी, यजमान भवानी साहू, रेखा साहू, रेशमलाल साहू, ज्योति साहू, तृषा, साहू राघव साहू, राकेश साहू, ज्योत्सना साहू, उमिका साहू उपस्थित रहें।

### उमरेली में गणपति बप्पा को दी गई विदाई



**उमरेली।** ब्राह्मण मोहल्ला में विराजित विघ्नहर्ता गणेश भगवान वैदिक विधिविधान के साथ पूजन अर्चना सहित हवन इत्यादि प्रसाद वितरण करते हुए जुलूस के साथ एकदंत महाराज की विदाई की गई। ग्राम पंचायत उमरेली में ब्राह्मण मोहल्ला में मोहल्ले वासियों के द्वारा भक्तिमय माहौल के बीच गणेश जी की पूजन अर्चना कर विदाई दी गई। की गई जिसमें मोहल्ले वासियों सहित बड़े बूढ़े बच्चों सहित सभी में एक अलग सा उत्साह दिखा जिस पर विदाई के दौरान सभी के आंखें नम हो गई और गणेश जी महाराज की जयकारों के साथ गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते रहे गणपति बप्पा के जयकारों के बीच भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना करते हुए गणपति बप्पा विदाई की गई। इस दौरान फलेस पांडे, चंद्रकांत पाण्डेय, टिकेश्वर यादव, तीर्थत केवट, अजय विजय यादव, अनिल यादव, डोरीलाल यादव सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

### सोलर पैनल लगाने के लिए दीपका में लगाया गया कैंप



**कोरबा।** बिजली बिल कम करने व अपने-अपने घरों के छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए विद्युत वितरण विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को विद्युत वितरण विभाग ने सोलर पैनल लगाने के लिए कैंप लगाया। जहां एक साथ ही कैंप में 22 लोगों ने सोलर पैनल लगाने की इच्छा जताई। जहां 1 मिनट तत्काल मौके पर ही कनेक्शन करने के लिए इच्छा जाहिर की। जिसके आधार पर विद्युत वितरण विभाग वेंडर के बीच संबंध स्थापित कराया गया और अग्रिम कार्रवाई की गई। शुक्रवार को नगर पालिका परिसर दीपका में छराविवि कंपनी के वितरण केन्द्र और उपसंभाग दीपका के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोलर के तीन वैंडर और उपभोक्ता गण उपस्थित हुए। जिन्हे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभ की जानकारी दी गई। जिसमें 22 नग उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगाने हेतु रुचि दिखाया एवं 1 नग उपभोक्ता द्वारा स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन करवाने पेसकस की जिनके यहां तत्काल स्थल निरीक्षण की कार्यवाही की गई। शिविर में विद्युत कंपनी के अधिकारी, अधिकृत कंपनियों के वेंडर से उपभोक्ताओं ने संबंधित गुणदोष की व्यक्तिगत रूप जानकारी ली।

## कैचमेंट एरिया में बारिश का असर

# बांगो बांध के खुले 8 गेट, 49 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा नदी में



बांगो बांध के खुले गेट से बहता पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश होने की वजह से गुरुवार को बांगो बांध के चार गेट खोल दिए गए थे। 32 हजार 400 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था लेकिन इसके बाद भी वाटर लेवल मेंटेन नहीं होने के चलते लगातार बांगो बांध का जलस्तर बढ़ता ही चला गया। जिसके बाद जल संसाधन विभाग के अफसरों ने वाटर लेवल को मैनेज करने के लिए शुक्रवार की सुबह बांगो बांध के चार गेट खोले गए कुल 8 गेट से 49 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। देर शाम तक वाटर लेवल कुछ हद तक कम हुआ है जिससे अब संभावना जताई जा रही है कि देर रात या फिर शनिवार की सुबह बांगो बांध के कुछ गेट बंद हो सकते है।

### हसदेव दर्री बराज से 38 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही झमाझम बारिश की वजह से हसदेव दर्री बराज की सहायक नदियां से भी लगातार पानी आ रहा है तो वहीं बांगो बांध के हाइडल प्लांट से पानी आ रहा है। लगातार पानी आने की वजह से गुरुवार की तड़के 4 बजे ही हसदेव दर्री बराज के दो गेट गेट नंबर 4 को 9 फीट और गेट नंबर 7 को 10 फीट, गेट नंबर 12 को 10 फीट खोल दिया गया था जिससे लगभग 38 हजार 83 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश होने की वजह से बांगो बांध के गेट खोलने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे गेट संख्या 4, 5, 6, 8 के अतिरिक्त गेट संख्या 3 एवं 9 को 0.50 - 0.50 मीटर खोला गया किन्तु इसके बाद भी बांगो बांध का जलस्तर 358.11 मीटर पर स्थिर है। जलस्तर को नियंत्रण कर कम करने के लिए सुबह 8:30 बजे 2 नए गेट, गेट संख्या 2 और 7 को भी आवश्यकतानुसार ओपन किया गया है। अभी गेट संख्या 5 को 1.50 मीटर, गेट संख्या 6 को 1.50 मीटर, गेट संख्या 4 को 1.00 मीटर, गेट संख्या 8 को 1.00 मीटर, गेट संख्या 3 को 0.50 मीटर, गेट संख्या 9 को 0.50 मीटर, गेट संख्या 2 को 0.50 मीटर और गेट संख्या 7 को 0.50 मीटर खोला गया है। सभी गेटों से कुल 40 हजार 904 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और हाइडल प्लांट के द्वारा 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस प्रकार बांध से कुल 49 हजार 904 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है।

### निचली बस्तियों में आया जलजला

बांगो बांध के 8 गेट खुलते ही निचली बस्तियों में जलमग्न हो गई थी। जल संसाधन विभाग को प्रशासन ने पहले ही गेट खोले जाने को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया था। जिसके चलते कहीं भी कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि हसदेव दर्री बराज से भी बड़े पैमाने पर पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे निचली बस्तियों में कई स्थानों पर पानी भरा हुआ है। कोई जन धन की हानि ना हो इसके लिए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है और पहले से ही सार्वजनिक स्थानों में प्रशासन द्वारा मुनादी करा दी गई थी।

### बड़ी संख्या में पहुंचे थे पर्यटक

बांगो बांध प्रदेश का सबसे बड़ा बांध है। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध घने वनों से आच्छादित है। बांगो बांध के गेट खोलते ही जैसे ही यह खबर आम हुई और दूसरे दिन शुक्रवार को आम जनता को जैसे ही पता चला कि बांगो बांध के 8 गेट खुल गए हैं और बड़े पैमाने पर पानी छोड़ा जा रहा है फिर क्या था शहर व आसपास के पड़ोसी जिलों से बड़े पैमाने पर पर्यटक बांध के दृश्य को देखने के लिए बड़े पैमाने पर लोग पहुंचे थे।

# दादरखुर्द में तालाब का टूटी मेढ़, आवागमन बाधित



क्षतिग्रस्त मेड़ में घुसी बाइक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 34 दादर खुर्द क्षेत्र के पुराने तालाब का मेढ़ गुरूवार की रात अचानक टूट गया, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टूटे हुए मेढ़ के हिस्से से होकर निकलना लोगों के लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। तालाब के टूटे हुए मेढ़ से गुजर रही एक गाड़ी अनियंत्रित होकर फिसल गई और तालाब में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार अभी उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से तालाब के मेढ़ की मरम्मत नहीं हुई थी और कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में काफी नाराजगी व्याप्त है। निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि तालाब के टूटे मेढ़ की तत्काल मरम्मत कराई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। आमजन ने प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही कर तालाब की मरम्मत कराने और वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराने की बात कही हैं।

**खास बात**

- वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति अस्पताल दाखिल

# नशे के विरूद्ध निकाली गई जन जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक थाना प्रभारी उरगा राजेश तिवारी उनकी टीम के द्वारा उरगा थाना क्षेत्रांतर्गत गाम जर्वे में अवैध नशा एवं अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के विरूद्ध ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत जर्वे सरपंच संतोष कंवर, उप सरपंच प्रेम बाई कंवर, ग्राम कोटवार हरिनाम दास महंत और महिला समिति के सदस्य अनिता कंवर, वृन्दा बाई, रक्षा बाई, धरम बाई लक्ष्मीन बाई, नर्मदा बाई, चन्द्रा कुमारी, जावा बाई, राम कुमार, विरेन्द्र कुमार, किशन प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, करेशाबी, किर्तन, संतोष सिंह तंवर तथा करीबन 3 सौ की संख्या में पुरूष एवं महिलाओं की उपस्थिति में बैठक लिया जाकर ग्राम जर्वे में भारत माता वाहिनी की रैली निकाल कर ग्राम भ्रमण करते हुए आम जन मानस ग्रामिणों को अवैध नशा का कारोबार करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जानकारी देकर नशा से होने वाले दुषप्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया।

# राष्ट्रीय चिल्ड्रन कैडेट किकबाक्सिंग स्पर्धा



स्पर्धा में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में तमिलनाडु किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में नेहरू इनडोर स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में 27 से 31 अगस्त तक चिल्ड्रन एवं कैडेट (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लिए। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 5 रजत एवं 7 कांस्य सहित 19 पदक जीतकर जिले एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। इनमें से वृंदा अगरवाल 2 स्वर्ण, खुशाल साहू 2 स्वर्ण, श्रद्धा साहू, प्रद्युम्न गोयल, दिव्या कर्ष ने स्वर्ण पदक जीता। कृति साहू, नाफिया सिद्दीकी, अवन्या तिवारी, नव्या तिवारी ने रजत पदक तथा दिव्यांशी ए, नाफिया सिद्दीकी, मानसी यादव,हर्षिता यादव, चिराग चौहान,मनसा सिंह एवं श्लोक राज ने कांस्य पदक जीता। काव्या दिनेश,वैदिक पलेरिया,पी साई हर्ष, अप्रतिम पांडेय, डीयान यादव, नमन प्रजापति, श्रेया साहू, नूतन तिवारी, शिवा साहू ने क्वालीफाइंग राउंड्स में अच्छा प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 12 रजत एवं 20 कांस्य सहित कुल 43 पदक पर किया कब्जा

# हसदेव नदी संरक्षण के लिए होगा भव्य आरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली हसदेव नदी के संरक्षण और तट सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से कार्यरत नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला घाट, कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि लोगों को नदी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक प्रेरणास्पद प्रयास भी है।

इसी श्रृंखला में आगामी 6 सितम्बर को भाद्रपद पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाम 5 बजे भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्ति यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो इस पवित्र मुहिम को और भी बल प्रदान करेंगे। मुख्य यजमान के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट यजमान के रूप में अनेक गणमान्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे, जिनमें हेमन्त माहुलीकर, प्रदेश महामंत्री, संस्कार भारती, छत्तीसगढ़, नरेश कुमार अग्रवाल, प्रदेश सचिव, भारत विकास परिषद, छत्तीसगढ़, सुश्री जया मिश्रा, प्रदेश प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़ और सुश्री ऋतु चौरसिया, प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। समिति का कहना है कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि हसदेव नदी और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा जनमानस में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास है। नमामि हसदेव सेवा समिति ने कोरबा सहित आस-पास के सभी पर्यावरण प्रेमियों, युवाओं और श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सपरिवार शामिल होकर न केवल पुण्य अर्जित करें बल्कि एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में सहभागी भी बनें।

**खास बात**

- भाद्रपद पूर्णिमा पर मां सर्वमंगला घाट में जुटेंगे पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी




### जहर खाने से युवक की मौत

**कोरबा।** एक 19 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर सेवन कर मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरीडीह की है। यहां निवासरत शिवराज सिंह 19 वर्ष पिता नवल सिंह ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक ने किन कारणों के चलते आत्माघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### लावारिस मवेशियों का किया जा रहा इलाज



**कोरबा।** पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित मोबाईल वेटरिनरी यूनिट वेन 1962 की टीम डॉ मार्क केनेडी, रितेश कंवर और छोटेलाल चौहान द्वारा लावारिश मवेशियों का इलाज ग्राम पंडरी पानी में किया गया। जिसमें गांव के नागरिक सुरेश मिरी, अनिल पटेल, आत्माराम, शैलेंद्र कुमार और तुलेश्वर कश्यप शामिल थे। सभी नागरिकों ने मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई वेन 1962 के कार्य को काफी सराहा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# शताब्दी वर्ष में संघ चलाएगा घर-घर संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा



बैठक में उपस्थित आरएसएस कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों के अंतर्गत जिले के 612 ग्रामों में मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। करतला खंड के तिलकेजा मंडल के 12 गांवों के लिए बैठक का आयोजन अटल समरसता भवन तिलकेजा में किया गया। बैठक का शुभारंभ कार्यवाह प्रेम पटेल द्वारा वृत्त देकर किया गया। ततपश्चात जिला सह व्यवस्था प्रमुख व करतला खण्ड पालक रामकिशोर श्रीवास्तव जी द्वारा संघ की स्थापना, उद्देश्य और वर्तमान गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रत्येक मंडल में पूर्ण गणवेशधारियों का पथ संचलन कर ग्रामवासियों तक संघ के विचार पहुंचाने की योजना है। संचलन में तिलकेजा मंडल से 150 से अधिक गणवेशधारी स्वयंसेवक का लक्ष्य रखा गया है। आगामी दिनों में संघ परिवार 2 नवंबर से 2 दिसंबर तक घर-घर संपर्क अभियान चलाएगा। 15 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। बैठक में टीकम साव, नान्ही दास दीवान, टीकाराम यादव, बालगोविन्द जायसवाल, मानिलाल हलवाई, महेश्वर कश्यप, विकास शाण्डेय, रूपेंद्र चौहान, मनीष यादव, पियूष कैवर्त, लखन साव, सहदेव साव, महावीर राजपूत, रामनिरंजन जायसवाल, शोभाराम कश्यप, ओम साहू, जीवन जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### सरस काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सरस काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिससे वातावरण में राष्ट्रभक्ति और साहित्यिक सांस्कृतिक भाव का समावेश हुआ। मंच पर संरक्षक यूनुस दानियाल पुरी, कमलेश कुमार यादव एवं मुकेश चतुर्वेदी के साथ अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष बलराम राठौड़ तथा सचिव डॉ. केके चंद्रा, अनुसुइया श्रीवास की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जांजगीर-नैला से पधारे डॉ. प्रमोद कुमार आदित्य विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में उपस्थित साहित्यकारों को साहित्य सेवा के लिए प्रेरित किया।

